# लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमन
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
# Lady Shri Ram College For Women
(UNIVERSITY OF DELHI)
NAAC A++ Accredited


विषय: कॉलेज ओरिएंटेशन 28 जुलाई 2026 एवं विभागीय ओरियंटेशन 29 जुलाई 2026

प्रिय छात्राओं,
हार्दिक शुभकामनाएँ एवं लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन (एलएसआर) परिवार में आपका हार्दिक स्वागत है।

एलएसआर केवल एक महाविद्यालय नहीं, बल्कि नेतृत्व, विद्वत्ता और नवाचार की सशक्त पहचान है। आज से आप उस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बन रही हैं, जिसने पीढ़ियों से उत्कृष्टता का मार्ग प्रशस्त किया है। यह वह संस्थान है जो सपनों को नई उड़ान देता है, आकांक्षाओं को संबल प्रदान करता है और प्रत्येक छात्रा को अपनी सर्वोच्च क्षमता को पहचानने तथा उसे साकार करने के लिए आत्मविश्वास और साहस से भर देता है।

समस्त एलएसआर परिवार की ओर से मैं आपको इस संस्थान के अद्भुत अनुभव का हिस्सा बनने के लिए सादर आमंत्रित करती हूँ। हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि आप हमारे जीवंत शैक्षणिक समुदाय से जुड़ रही हैं जहाँ विद्वान, विचारक और परिवर्तनकारी व्यक्तित्व मिलकर सीखने और आगे बढ़ने का वातावरण निर्मित करते हैं। यहाँ आपको ऐसा प्रेरक एवं सहयोगपूर्ण परिवेश मिलेगा जो आपके सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

अपने जीवन के इस परिवर्तनकारी अध्याय की शुरुआत करते हुए हमारी कामना है कि आप ऊँची उड़ान भरें, नए आयामों का अन्वेषण करें और हर सीमा को पार करें। भविष्य में आप चाहे परिवार, संस्थान, समाज अथवा राष्ट्र का नेतृत्व करें, हमें विश्वास है कि आप केवल परिवर्तन की वाहक ही नहीं बनेंगी बल्कि सार्थक प्रगति का नेतृत्व भी करेंगी।

एलएसआर में आपका हार्दिक स्वागत है! आपके सपनों की नई उड़ान यहीं से आरम्भ होती है।

कॉलेज ओरिएंटेशन कार्यक्रम – 2026

ओरिएंटेशन – 1 (वाणिज्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, सांख्यिकी, गणित, समाजशास्त्र तथा बैचलर इन एलीमेंट्री एजुकेशन विभाग की छात्राओं हेतु)
- समय: प्रातः 8:30 बजे
- तिथि: 28 जुलाई 2026 (मंगलवार)
- स्थान: महाविद्यालय सभागार (प्रातः 9:00 बजे तक अपने स्थान पर बैठ जाएँ।)
- कार्यक्रम समाप्ति का संभावित समय: दोपहर 1:00 बजे

ओरिएंटेशन – 2(अंग्रेज़ी, हिंदी, संस्कृत, पत्रकारिता, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र तथा बी.ए. प्रोग्राम विभाग की छात्राओं हेतु)
- समय: दोपहर 12:00 बजे
- तिथि: 28 जुलाई 2026 (मंगलवार)
- स्थान: महाविद्यालय सभागार (दोपहर 12:30 बजे तक अपने स्थान पर बैठ जाएँ।)
- कार्यक्रम समाप्ति का संभावित समय: अपराह्न 3:30 बजे

कृपया अपने निर्धारित ओरिएंटेशन सत्र के समय का ध्यान रखें तथा उसी के अनुसार महाविद्यालय पहुँचें ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके।

हम 28 जुलाई 2026 को महाविद्यालय ओरिएंटेशन तथा 29 जुलाई 2026 को विभागीय ओरिएंटेशन (संलग्न कार्यक्रमानुसार) में आपका हार्दिक स्वागत करते हैं।

चूँकि आपके शैक्षिक सफ़र में आपके अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है इसलिए हमें उन्हें 29 जुलाई 2026 को विभागीय ओरिएंटेशन के कार्यक्रमानुसार दो सत्रों—प्रातः 9:30 बजे तथा 11:30 बजे आयोजित विशेष अभिभावक ओरिएंटेशन कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय सभागार में आयोजित होगा जहाँ उन्हें संस्थान की कार्य-संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं से परिचित होने के साथ-साथ उस आत्मीय, प्रेरणादायी और समृद्ध शैक्षणिक वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर मिलेगा, जो आने वाले वर्षों में आपके व्यक्तित्व और भविष्य को आकार देगा।

कृपया ध्यान दें, प्रातः 9:30 बजे के सत्र के लिए प्रवेश प्रातः 8:30 बजे तथा 11:30 बजे के सत्र के लिए प्रवेश प्रातः 10:30 बजे प्रारंभ होगा, ताकि कार्यक्रम अपने निर्धारित समय पर आरंभ किया जा सके।

महाविद्यालय परिसर में प्रवेश तथा ओरिएंटेशन कार्यक्रम में सहभागिता से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश शीघ्र ही आपको प्रेषित किए जाएँगे।

सादर,


प्रो. कनिका के. आहूजा
प्राचार्या
लेडी श्री राम कॉलेज फॉर विमेन
लाजपत नगर, नई दिल्ली – 110024
दूरभाष: 011-45494949

लेडी श्री राम कॉलेज फॉर वुमन
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
Lady Shri Ram College For Women
(UNIVERSITY OF DELHI)
NAAC A++ Accredited

**Subject: College Orientation, 28th July, 2026 & Department Orientation, 29th July, 2026**

Dear Students,

Greetings and a very warm welcome to Lady Shri Ram College for Women, a name that stands for *Leadership, Scholarship, and Reinvention.* You are now part of a rich legacy that inspires excellence, turns quiet dreams into loud ambition and unapologetically empowers you to realize your highest potential.

On behalf of the entire LSR community, I invite you to experience the *magic of LSR*. We are thrilled to have you join our vibrant cohort of scholars, thinkers, and trailblazers. Here, you will find a nurturing environment that encourages growth, creativity, and innovation.

As you begin this transformative journey, we hope you will soar, explore, and break barriers. Whether you go on to lead families, organizations, communities, or nations, we believe in your power, not just to bring change, but to drive meaningful progress.

Step into LSR! Your journey begins now...

**College Orientation Programme – 2026**

**Orientation 1:**

(For students of Commerce, Economics, History, Psychology, Statistics, Mathematics, Sociology and Bachelors in Elementary Education Departments):

Timing: 08:30 am

Date: 28th July, 2026 (Tuesday)

Venue: College Auditorium (to be seated by 09:00 am)

(Expected to get over by 1.00 pm)

**Orientation 2:**

(For students of English, Hindi, Sanskrit, Journalism, Political Science, Philosophy, and B.A. Program departments)

Timing: 12:00 noon

Date: 28th July, 2026 (Tuesday)

Venue: College Auditorium (to be seated by 12:30 am)

(Expected to get over by 3.30 pm)

Please make sure to take note of **your designated orientation timings** and arrive at the college accordingly, to help avoid overcrowding.

We look forward to welcoming you for College Orientation on 28th July 2026 and Department Orientation on 29th July 2026 (Schedule Attached).

Since parents are an integral part of your journey, it gives us pleasure to invite your parents on 29th July, 2026 in two slots, 09:30 am and 11:30 am (as per the schedule of your departmental orientation) to attend an orientation in the College auditorium to acquaint them about the ethos of the institution and to experience, first-hand, the magic, warmth and richness of the institution that will shape your life ahead. Please note that entry for the morning and afternoon slots shall begin by 8.30 am and 10.30 am respectively so that the programme may start sharp at 9.30 am and 11.30 am respectively.

We shall be sending you detailed instructions for entering the college campus and attending the orientation day shortly.

Kanika

**Prof. Kanika K Ahuja**
**Principal**

Lady Shri Ram College for Women

# NOTICE

**Department Orientation**
Wednesday, 29th July, 2026

Time: 09:30 am onwards

| Department | Venue | Location |
|---|---|---|
| Commerce | Room No. 103 | New Academic Block |
| Economics | New Common Room | New Academic Block |
| History | Room No. 203 | New Academic Block |
| Psychology | Psychology Lab. | Old Academic Block |
| Statistics | Statistics Lab. | Old Academic Block |
| Mathematics | Hut 1 | Lawn Tennis Ground |
| Sociology | Hut 2 | Lawn Tennis Ground |
| B. El. Ed | Room No. 303 | New Academic Block |

Time: 11:30 am onwards

| Department | Venue | Location |
|---|---|---|
| English | Upper Seminar Room | Old Academic Block |
| Hindi | Room No. 18 | Old Academic Block |
| Sanskrit | Room No. 16 | Old Academic Block |
| Journalism | Media Lab. | New Academic Block |
| Philosophy | Bamboo Hut | Lawn Tennis Ground |
| Political Science | Room No. 29 | Old Academic Block |
| BA Programme | Room No. G3 | New Academic Block |

PRINCIPAL